

मासिक समाचार पत्र


title-code-MPHIN35679



आधार जायसवाल, इंदौर
15/02/2016









कार्ड शिवहरे,जबलपुर
02/02/2015

# बुरा मत सोचो बुरा मत मानो बुरा मत करो

संपादक : आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल द्वारा बंदरों की परिकल्पना 16 मई 2010 (जनहित में जारी)

वर्ष-3 | अंक : 10 | इंदौर, 15 दिसम्बर 2022 | पृष्ठ : 8 | मूल्य- 1 रुपये

सुविचारः हर प्रयास गलतियों की शुरुवात से प्रारंभ होता है:- आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल

Aadhaarcardkejanaksuniljaiswal@gmail.com

**'घर परिवार और अपनो को मुझे बचाना है मुझे आज ही वैक्सीन लगवाना है'**

## राजस्थान-उदयपुर में आधार कार्ड जनक सुनील जायसवाल का सम्मान...




अतिविशिष्ट सम्मान समारोह में आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल इंदौर को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर जनक द्वारा लिखित आधार कार्ड के जन्म की कहानी आधारायण ग्रंथ आईका के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता एवं श्री. एमएस. आहलूवालिया (मोटिवेशनल उद्बोधक, सदस्य, जीव जन्तु बोर्ड, भारत सरकार) को भेंट की गई।


















**आधार का हाथ जीवन भर का साथ**



# ।। सुन्नू 60 के जो तुम हो गए हो आज।।

04.20 29 सितंबर 1962 इंदौर 00.00 29 सितंबर 2022




## कविता

सुनील 60 के तुम हो गये आज,
बचपन बिता जवानी आई,
एक - एक करके बिते यह पल,
हो गये तुम आज अधेड़,
न जाने कैसे बिते होगें तुम्हारे पल अनेक,
60 के जो तुम हो गये आज,
सब गये तुम्हारे दादा परदादा तुम भी जाओगे,
बनोगे तुम परदादा करोगे जब कुछ नेक काम,
दुनिया को बहुत याद जब तुम आओगे,
बेठाती नहीं दुनिया किसी को सर पर ,
जबतक तुम जनजन का भला नहीं कर जाओगे,
रोदं देती है दुनिया उन्हें अपने पेरों तले,
जब तुम काम कोई गलत कर जाओगे,
देखो 60 के जो तुम हो गये आज,
मां,बापू ने कहा था एक दिन जेसेतेसे भी हो पर,
तुम 60 के हो जाना दुआ मां बापू की कामआई,
जो 60 के हो गए हैं हम आज,
जिना मरना सब उसके हाथ,
कर्म हमारे - हमारे साथ,
तिनका तिनका नेकी जोड़ते रहे कर्मो की,
दाने चुग गई सब समय सारणी,
60 के जो हम हो गए आज।


29 सितंबर 2022 को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर जन्मदिन एवं आधार कार्ड दिवस की हार्दिक हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

लेखक कवि आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल दारूवाला इंदौर मध्यप्रदेश भारत







# भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड के जनक 100 बिलियन + जिनियस सुनील जायसवाल

## व समस्त जायसवाल, शिवहरे, राय एवं कल्चूरी, कलाल, कलवार, कलार समाज

## द्वारा समस्त प्रियजनों को हृदय की गहराइयों से हार्दिक बधाईयां एवं शुभकामनाएं

















































**" करता सब के कल्याण का है काम यही आधार कार्ड का काम "**

# भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड के जनक 100 बिलियन + जिनियस सुनील जायसवाल

## व समस्त जायसवाल, शिवहरे, राय एवं कल्चूरी, कलाल, कलवार, कलार समाज

## द्वारा समस्त प्रियजनों को हृदय की गहराइयों से हार्दिक बधाईयां एवं शुभकामनाएं


















































“ करता सब के कल्याण का है काम यही आधार कार्ड का काम ”






Happy Birthday



















सोशल मिडिया पर प्रतिदिन प्रसारित

9827222811 E-mail - aadhaarcardkejanaksuniljaiswal@gmail.com
http://www.aadhaarcardkejanaksuniljaiswalindore.com
https://youtu.be/xurY3eQIrSI https://youtu.be/0XQf02Ub6fk

# सुविचार

भारत सरकार द्वारा जारी
आधार कार्ड के जनक
सुनील जायसवाल
100 बिलियन+ जिनियस
लेखक–सुविचारक

I have to save house family and ours want it to get vaccination today itself.

II घर परिवार और अपनों को मुझे बचाना है, मुझे आज ही वैक्सीन लगवाना है II

















पंजीयन क्रमांक 03/27/01/21830/19 शोध पत्र –"कर लो इन्सान को मुठ्ठी में" पंजीयन दिनांक : 06 जुलाई 2019
संस्था संस्थापक 100 मिलेनीयम + जिनीयस आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल
आधार कार्ड धारक आम आदमी अधिकार वेलफेयर सोसायटी
पंजीकृत कार्यालय - 35 शंकर बाग कालोनी, मरीमाता चौराहा, आर्मी हेड क्वार्टर, इन्दौर - 452006 मो. 98272-22811

## आधार कार्ड में यह जानकारी नहीं की अपडेट, तो नहीं मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ




आधार कार्ड एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो आज के समय में भारत के निवासियों के लिए अहम हो चुका है. आधार कार्ड में 12 अंकों का पहचान नंबर होता है. साथ ही इसमें बायोमेट्रिक जानकारी से लेकर व्यक्ति की नाम, उम्र और एड्रेस की पूरी जानकारी छिपी रहती है. आधार कार्ड को एक ही बार जारी किया जाता है, जिसे भारत के निवासियों के साथ ही एनआरआई भी बनवा सकते हैं. आधा कार्ड यूआईडीएआई की आर से जारी किया जाता है.

अगर आपका सरनेम, एड्रेस या फिर कुछ और चेंज होता है तो आप समय-समय पर अपडेट करा सकते हैं. किसी भी सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए जरूरी है कि आधार कार्ड में `POI' और 'POA' अपडेट रहे. अगर यह अपडेट नहीं रहता है तो सरकारी स्कीम का आप लाभ नहीं उठा पाएंगे. आइए जानते हैं क्या है 'POI' और 'POA'.

### UIDAI ने दी जानकारी

आधार कार्ड जारी करने वाली संस्था ने ट्विटर पर जानकारी दी है कि सरकारी और गैर-सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आपके आधार कार्ड में 'POI' और 'POA' जानकारी अपडेट होना जरूरी है. आधार में यह जानकारी अपडेट करने के लिए 25 रुपये का चार्ज भी देना होगा. हालांकि, अगर आप ऑफलाइन तरीके से यह काम करवाते हैं तो आपको 50 रुपये का चार्ज देना होगा.

### क्या होता है 'POI' और 'POA' का मतलब

आधार कार्ड में 'POI' और 'POA' का मतलब प्रूफ ऑफ आइडेंटिटी और प्रूफ ऑफ एड्रेस है. आधार कार्ड में एड्रेस और आइडेंटिटी को बताने वाले दस्तावेजों को अपडेट कराना आवश्यक है. इसे अपडेट कराने के लिए आप राशन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, बिजली बिल, पैन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस का इस्तेमाल करा सकते हैं.

### बायोमेट्रिक अपडेट के लिए चार्ज

अगर कोई आधार कार्ड धारक बायोमेट्रिक को अपडेट कराता है तो उसे बायोमेट्रिक अपडेट कराने के लिए 100 रुपये का चार्ज देना होगा. छोटे बच्चों को आधार कार्ड में बायोमेट्रिक जानकारी दो बार अपडेट कराना होता है. वरना वह आधार कार्ड का उपयोग नहीं कर पाएगा. बायोमेट्रिक को अपडेट कराने के लिए किसी भी कार्ड धारक को आधार सेंटर पर जाना होगा.

## नवजात शिशु के लिए बनवाएं आधार कार्ड, घर बैठे करें आवेदन, जानें प्रक्रिया

आधार कार्ड भारत में महत्वपूर्ण पहचान दस्तावेजों में से एक है। उम्र की परवाह किए बिना, हर कोई आधार कार्ड के लिए नामांकन कर सकता है, यहां तक कि नवजात बच्चे के लिए भी आवेदन किया जा सकता है। बच्चों के लिए आधार कार्ड को बाल आधार कार्ड या ब्लू आधार कार्ड के रूप में जाना जाता है। IDAI के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से, व्यक्ति आधार कार्ड पर उल्लिखित अपनी व्यक्तिगत जानकारी को ऑनलाइन अपडेट कर सकते हैं। सरकार ने 5 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए 'blue aadhar card' लॉन्च किया है।

बाल आधार या ब्लू आधार कार्ड पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए नीले रंग का कार्ड है और यह मुफ्त है। ब्लू आधार के लिए बच्चे की बायोमेट्रिक जानकारी (फिंगरप्रिंट और आईरिस स्कैन) की आवश्यकता नहीं होती है। जब बच्चा 5 साल का हो जाता है, तो उसके



बायोमेट्रिक्स (चेहरे की तस्वीर, आईरिस स्कैन और उंगलियों के निशान) को आधार कार्ड पर अनिवार्य रूप से अपडेट करना होता है।

यूआईडीएआई की आधिकारिक वेबसाइट - uidai.gov.in पर जाएं

आधार कार्ड रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करें।

बच्चे का नाम, माता-पिता का फोन नंबर, ई-मेल पता आदि सहित सभी क्रेडेंशियल दर्ज करें।

सभी जनसांख्यिकीय जानकारी जैसे आवासीय पता, इलाका, जिला, राज्य आदि भरें।

आगे बढ़ें और फिक्स्ड अपॉइंटमेंट टैब पर क्लिक करें। आधार कार्ड के लिए पंजीकरण की तिथि निर्धारित करें।

नामांकन प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए आवेदक निकटतम नामांकन केंद्र चुन सकता है।

### इन बातों का रखें ध्यान

डेट पर सभी आवश्यक दस्तावेज और फॉर्म के प्रिंटआउट के साथ संदर्भ नंबर को अपने साथ केंद्र ले जाना न भूलें। दस्तावेजों के साथ एक रेफरेंस नंबर लें। एक बार संबंधित अधिकारी सत्यापन कर लें और यदि बच्चे की उम्र 5 वर्ष है, तो बायोमेट्रिक जानकारी प्राप्त की जाएगी और इसे आधार कार्ड से जोड़ा जाएगा। यदि बच्चा पांच वर्ष से कम का है, तो केवल एक फोटो लिया जाएगा और किसी बायोमेट्रिक डेटा की आवश्यकता नहीं होगी।

(साभार हिन्दी न्यूज 24 ऑनलाइन)


## सभी मोबाइल आधार से होंगे लिंक! ऐसे घर बैठे हो जाएगा काम

**नई दिल्ली।** आधार कार्ड से मोबाइल नंबर लिंक करना अनिवार्य होता है। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं, तो आपको सरकारी सेवाओं का लुत्फ उठाने में मुसीबत का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल अगर आपका आधार कार्ड आपके मोबाइल नंबर से अटैच है, तो हर एक अपडेट आपके मोबाइल नंबर पर मिलेगा। आधार खोए हुए आधार कार्ड को खोजने या आवश्यकता पड़ने पर ई-कॉपी डाउनलोड करने में मदद करता है। क्या आपको मालूम है कि आप आधार सेवा केंद्र पर जाए बिना अपना मोबाइल नंबर ऑनलाइन लिंक कर सकते हैं। आइए जानते हैं विस्तार से..

### कैसे आधार से मोबाइल नंबर करें लिंक

आपको इंडियन पोस्टल सर्विस वेबसाइट पर विजिट करना होगा।

इसके बाद अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर, ईमेल डिटेल दर्ज करनी होगी।अब ड्रॉप-डाउन मेनू में PPB-Aadhaar




सर्विस को सेलेक्ट करना होगा।

इसके बाद UIDAI-Mobile/Email to Aadhaar linking/update पर क्लिक करना होगा और फिर डिटेल दर्ज करनी होंगी।

इसके बाद आपके नंबर पर ओटीपी आएगा। ओटीपी डालने के बाद कंफर्म सर्विस रिक्वेस्ट पर क्लिक करना होगा।

इसके बाद एक रेफरेंस नंबर मिलेगा, जिससे एप्लीकेशन स्टेटस को ट्रैक किया जा सकेगा। इसके बाद आपके एप्लीकेशन को नजदीकी पोस्ट ऑफिस वेरिफिकेशन के लिए भेज दिया जाएगा। इसके बाद पोस्ट ऑफिस अधिकारी आपके एड्रेस पर विजिट करके आपसे बॉयोमेट्रिक डिटेल हासिल करेगा। इसके लिए आपसे 50 रुपये चार्ज किया जाएगा।

### आधार से मोबाइल लिंक है या नहीं? ऐसे करें चेक

IDAI की ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट करना होगा।

इसके बाद टॉप लेफ्ट कार्नर पर दिखने वाले MyAadhaar ऑप्शन पर क्लिक करना होगा।

इसके बाद verify my email/mobile number पर क्लिक करना होगा। यह ऑप्शन आधार सर्विस सेक्शन के नीच उपलब्ध होता है।

इसके बाद आपको कार्ड नंबर, मोबाइल नंबर, कैप्चा जैसी जानकारी दर्ज करनी होगी।

इस तरह आपको मालूम चल जाएगा कि आधार मोबाइल नंबर से लिंक है या नहीं

(साभार नवभारत)

समस्त आधार कार्ड धारको को हार्दिक शुभ कामनाऐ बधाई कर्ता - आधार जायसवाल, कार्ड शिवहरे
आधार का हाथ जीवन भर का साथ
आधार बनवाओ आधार बनो आधार पाओ

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक सुनील जायसवाल द्वारा पकंज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ, इंडस्ट्रियल एरिया, इंदौर (मप्र) से मुद्रित एवं 35 शंकरबाग कालोनी, मरीमाता चौराहा, इंदौर, 452006 से प्रकाशित प्रबंध संपादक : आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल , मोबाइल नं. 9827222811 (समस्त प्रकरणों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा)